RAF SECTOR

NEWS CLIP

23/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar (Bhopal,MP)

आरएएफ कैंप बगरोदा में पौधरोपण, प्लास्टिक बोतलों से पौधों को पानी देने की विधि भी ब

मंडीदीप| पर्यावरण संरक्षण को लेकर आरएएफ और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के संयुक्त प्रयास से आरएएफ कैंप बगरोदा में पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। यहां पर करीब 1100 पौधे लग [illegible] पर आरएएफ 107 बीएन के कमांडेंट एसके शर्मा एवं ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के सर्कल हेड अरविंद तिवारी, रत्नपुर ब्रांच के शाखा प्रबंधक [illegible] द्विवेदी और [illegible] तिवारी ने पौधरो [illegible] प्रकाश डाला। एसके शर्मा ने पुरानी प्लास्टिक बोतलों से पौधों को पानी देने की विधि का भी प्रदर्शन किया। आरएएफ ने 5 गांवों हिनोतिया, [illegible]

Hari Bhoomi (Bhopal,MP)

जवानों ने राजीव को श्रद्धांजलि देकर मनाया सद्भावना दिवस

मंडीदीप। औद्योगिक नगर के समीपस्थ 107 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा कमांडेंट संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में 107 बटालियन के समस्त अधिकारियों व जवानों द्वारा भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना दिवस मनाया गया। कमांडेंट शर्मा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में भारत के भीतर सांप्रदायिक सद्भाव, शांति और राष्ट्रीय अखंडता का प्रचार करने की कोशिश की और उन्हें दुनिया के सद्भावना राजदूत के रूप में जाना जाता था। युवा होने के नाते, उनकी विचार प्रक्रिया आधुनिक थी और वह कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के माध्यम से एक विकसित राष्ट्र का सपना देखते थे। उन्होंने अपने व्यक्तित्व के साथ-साथ अपने प्रेरणादायक शब्दों से कई लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। इस दौरान सदभावना की शपथ भी ली गई।

पूर्व सरपंच की पुण्यतिथि पर पौधरोपण

औद्योगिक नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत पोलहा में पूर्व सरपंच मोहब्बत सिंह लौवंशी की प्रथम पुण्य तिथि पर पौधरोपण किया गया। सरपंच प्रतिनिधि हेमसिंह लौवंशी ने बताया कि इस अवसर पर पंचायत द्वारा पौधे रोपे गए। पंचायत की सरपंच राखी लौवंशी ने कहा कि हमारे वरिष्ट हमारे धरोहर हैं और उनके जाने के बाद उनकी कमी हमेशा रहती है। इसलिए पंचायत द्वारा पूर्व सरपंच की स्मृति में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ के मिडिया प्रभारी कैलाश लौवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पूर्व सीएम गौर को श्रद्धांजलि अर्पित

औबेदुल्लागंज। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल गौर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, रामेश्वर नागर, कन्हैया नंदवंशी, विजय कोठारी, सुरजीत सिंह बिल्ले, ऋषभ जैन, नरेन्द्र शर्मा सहित मंडल अध्यक्ष रविन्द्र विजय, आरती यादव, नप उपाध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, दीपू परमार, जिला महामंत्री डॉ. भूपेन्द्र नागर, सोनू राय, प्रकाश पटेल, शानू खान, मोहसीन बेग, सुदामा तिवारी, नीरज चावला आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

Hari Bhoomi (Bhopal,MP)

400 पौधों का रोपण किया

मंडीदीप। औद्योगिक नगर के समीपस्थ 107 बटालियन के कमांडेन्ट संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में 107 बटालियन

रैपिड एक्शन फोर्स तथा ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स रतनपुर, के अधिकारियों के द्वारा सामूहिक पौधरोपण कर 400 पौधे लगाए। इस अवसर पर 107 वीं वाहिनी के अन्य अधिकारीगण/जवानों तथा मंडल अध्यक्ष अरविन्द तिवारी भोपाल एवं ओरिएंटल बैंक आफ कॉमर्स के शाखा प्रबंधक अनिल द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

Rajasthan Patrika (Coimbatore,TN)

आरएएफ बटालियन परिसर में मनाया ओणम

कोयम्बत्तूर. शहर के बाहरी इलाके महालिंगपुरम में स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 105 वीं बटालियन के परिसर में ओणम मनाया गया। ओणम उत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि मलयालम फिल्मों के अभिनेता टोविनो थॉमस और विशिष्ट अतिथि फिल्म निर्माता संतोष टी कुरविल्ला ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमांडेंट बी जयकृष्णन और सीआरपीएफ के रीजनल फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की प्रमुख विद्या जयकृष्णन ने की। अभिनेता थॉमस ने कहा कि पिछले साल बाढ़ के दौरान किए आरएएफ के किए गए कार्यों को केरल के लोग कभी नहीं भुला सकते हैं। इस मौके पर ओणम की परंपरा के मुताबिक पूकलम प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। दिनभर चले उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। कमाडेंट ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।